BSES
BSES Rajdhani Power Limited
... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

संवाद

अब सुविधाजनक स्थानों पर मौजूद बीआरपीएल ऑफिसों में चौबीसों घंटे कर सकते हैं बिजली बिल का भुगतान

बीएसईएस मोबाइल ऐप, वेबसाइट और चैट बॉट पर क्रेडिट/डेबिट कार्ड्स, नेट बैंकिंग, ई वॉलेट, यूपीआई और भारत क्यूआर कोड जैसे सुविधाजनक विकल्पों के माध्यम से कभी भी और कहीं भी बीएसईएस के बिजली बिल का भुगतान किया जा सकता है। लेकिन अब, इन विकल्पों से अलग, आप बीआरपीएल के डिविजन ऑफिसों व कस्टमर केयर सेंटरों पर सेल्फ सर्विस इलेक्ट्रिसिटी बिल पेमेंट फेसिलिटी के तहत लगाए गए कियॉस्क्स पर भी क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड के माध्यम से चौबीसों घंटे व सातों दिन बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं।

ईएलसीबी- सुरक्षा और दिमाग की शांति की एक छोटी सी कीमत

घर में अर्थ लीकेज की स्थिति में बिजली के झटके लग सकते हैं, जिनसे गंभीर शारीरिक हानि पहुंच सकती है। लेकिन, इस तरह के झटकों और दुर्घटनाओं को ईएलसीबी यानी अर्थ लीकेज सर्किट ब्रेकर लगवाकर टाला जा सकता है। यह साधारण लेकिन उपयोगी उपकरण घरों में अर्थ लीकेज का पता लगा सकता है, स्वतः ट्रिप कर सकता है और संबंधित उपकरण/ परिसर में बिजली की आपूर्ति को डिसकनेक्ट कर सकता है और इस तरह गंभीर दुर्घटनाओं को होने से पहले ही रोक सकता है।

इंडियन इलेक्ट्रिसिटी रूल्स, 1956 के सेक्शन 61 ए के तहत, पांच किलोवॉट और अधिक लोड वाले सभी उपभोक्ताओं के लिए, अपने परिसर में ईएलसीबी लगवाना अनिवार्य है। अपने और अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप ईएलसीबी लगवाएं।

कोचिंग सेंटरों व स्कूलों के लिए एमसीडी की अनुमति और फायर सेफ्टी क्लियरेंस जरूरी

माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, कोचिंग सेंटर व स्कूल जैसे शैक्षिक संस्थानों को बिजली का कनेक्शन के लिए आवेदन करते वक्त, एमसीडी की अनुमति व फायर सेफ्टी क्लियरेंस उपलब्ध कराने होंगे।

इसके अलावा, मौजूदा शिक्षण संस्थानों जैसे कोचिंग सेंटरों और स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे फायर सेफ्टी से जुड़े नियमों का पालन करें और एमसीडी की अनुमति अपने पास रखें। इनके बिना, उनकी बिजली आपूर्ति को डिसकनेक्ट किया जा सकता है।

Election Commission of India
Electors Verification Programme
From 1st September to 15th October 2019
To authenticate voter details of the whole family
Visit www.nvsp.in or download Voter Helpline mobile App today
Chief Electoral Officer, Delhi
Old St. Stephen's College Building, Kashmere Gate, Delhi-110006
For further details, visit : www.ceodelhi.gov.in

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री ने पश्चिम विहार में किया बिजली डिजी सेवा केंद्र का उद्घाटन

पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर शुरू किए गए बीआरपीएल के डिजी सेवा केंद्र यानी डीएसके, उपभोक्ताओं को त्वरित, सुविधाजनक और परेशानीमुक्त सिंगल विंडो डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। आप यहां नया कनेक्शन लेने, लोड/नाम/श्रेणी में परिवर्तन कराने, आदि जैसी कई सेवाओं के लिए सुविधाजनक समय पर आवेदन कर सकते हैं।

अभी हाल ही में, दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येंद्र जैन ने पश्चिम विहार में डिजी सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर माननीय विधायकगण श्री रघुविंदर शोकीन, श्री गिरीश सोनी, श्री सुखबीर सिंह दलाल और श्री शिवचरण गोयल भी मौजूद थे। सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीआरपीएल टीम भी वहां उपस्थित थी।

पश्चिम विहार में डीएसके के उद्घाटन के साथ ही, बीआरपीएल अपने 25 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के दो–तिहाई भाग को अपनी इस पहल के दायरे में ले आई है। पश्चिम विहार के इस डीएसके से पंजाबी बाग, नांगलोई और मुंडका में रहने वाले पांच लाख से अधिक उपभोक्ताओं को फायदा होगा। चार और डीएसके पाइपलाइन में हैं, जिसके बाद बीआरपीएल में डीएसके की संख्या 11 हो जाएगी।

मोबाइल ऐप और वॉट्सऐप नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं



टॉल फ्री 24x7
19123

वॉट्सऐप
डुप्लिकेट बिल के लिए
(Type #Bill 9 digit CA No & send to 9999919123)

वॉट्सऐप
बिजली गुल की शिकायत करें
(Type #NC 9 digit CA No & send to 9999919123)

आपातकालीन (आग व झटका)
1800 10 39707

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नयी दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 011 399-99-707/19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।